BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 10 सितम्बर, 2025 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना नरसैना**

सर्राफा व्यापारी से लूट करने वाले बदमाशों से थाना नरसैना पुलिस व स्वाट टीम की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 02 बदमाश घायलावस्था में अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार, कब्जे से लूटे गये सफेद/पीली धातु के आभूषण, अवैध असलहा, कारतूस व बाइक बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 10.09.2025 को थाना नरसैना पुलिस व स्वाट टीम एक अभिसूचना के आधार पर केला मोड़ बैरियर पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी कि तभी एक बाइक पर सवार 03 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखायी दिए, जिनको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, नहीं रुके तथा बाइक को तेजी से मोड़कर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा कर जलालपुर रास्ते पर घेराबंदी की गयी तो अपने आपको घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 02 बदमाश गोली लगने से घायल हो गये, जिनको 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान 01. फैजान पुत्र शाहिद निवासी ग्राम शेरपुर थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़, हाल पता-एनटीपीसी रोड कस्बा व थाना जार्चा जनपद गौतमबुद्धनगर (घायल) 02.राकेश उर्फ रिंकू उर्फ बाटा पुत्र कलुआ गिरि निवासी ग्राम बछेड़ा खुर्द थाना पिलखुआ जनपद हापुड़(घायल) 03. वसीम पुत्र रहीश अहमद निवासी कस्बा व थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ के रुप में हुई हैं। घायल बदमाशों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। बदमाशों के कब्जे से लूट के आभूषण (सफेद/पीली धातु), अवैध असलहा, कारतूस व बाइक बरामद हुई है।

उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म के लुटेरे/अपराधी हैं जिनके द्वारा दिनांक 05.09.2025 को थाना नरसैना क्षेत्रान्तर्गत एक सर्राफा व्यापारी से 01 बैग जिसमें पीली व सफेद धातु के आभूषण व 20,000/- रूपये नकदी छीन कर भाग जाने की घटना कारित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना नरसैना पर मुअसं- 241/25 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत हैं। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निरन्तर प्रयास किये जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. फैजान पुत्र शाहिद निवासी ग्राम शेरपुर थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़, हाल पता-एनटीपीसी रोड कस्बा व थाना जार्चा जनपद गौतमबुद्धनगर
2. राकेश उर्फ रिंकू उर्फ बाटा पुत्र कलुआ गिरि निवासी ग्राम बछेड़ा खुर्द थाना पिलखुआ जनपद हापुड़

3. वसीम पुत्र रहीश अहमद निवासी कस्बा व थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़

बरामदगी-

1- 04 किलो 550 ग्राम (सफेद धातु)

2- नाक की लौंग (77 पीस, पीली धातु)

3- 02 तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा, 02 खोखा कारतूस।

4- 01 अपाचे बाइक (रजि0नं0-DL 3S EX 3638)

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना नरसैना पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

अभियुक्त राकेश उर्फ रिंकू उर्फ बाटा का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं- 579/25 धारा 188 भादवि थाना पिलखुआ जनपद हापुड़।

2- मुअसं- 83/19 धारा 391/411 भादवि थाना पिलखुआ जनपद हापुड़।

3- मुअसं- 94/19 धारा 307 भादवि थाना पिलखुआ जनपद हापुड़।

4- मुअसं- 95/19 धारा 25 आयुध अधि0 थाना पिलखुआ जनपद हापुड़।

5- मुअसं- 286/19 धारा 2/3 गैंगस्टर अधि0 थाना पिलखुआ जनपद हापुड़।

6- मुअसं- 237/18 धारा 307 भादवि थाना कासना जनपद गौतमबुद्धनगर।

7- मुअसं- 255/18 धारा 25 आयुध अधि0 थाना कासना जनपद गौतमबुद्धनगर।

8- मुअसं- 241/25 धारा 309(4) बीएनएस थाना नरसैना जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त फैजान का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं- 79/20 धारा 304बी/498ए भादवि व ¾ दहेज प्रतिषेध अधि0 थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़।

2- मुअसं- 241/25 धारा 309(4) बीएनएस थाना नरसैना जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त वसीम का आपराधिक इतिहास-

3- मुअसं- 241/25 धारा 309(4) बीएनएस थाना नरसैना जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- श्री रितेश कुमार सिंह थाना प्रभारी नरसैना।

2- व0उ0नि0 सुभाष बाबू, उ0नि0 सन्तोष कुमार, उ0नि0 आसिफ रजा, उ0नि0 सक्षम ठाकुर, उ0नि0 विजय कुमार, उ0नि0 अंकित कुमार, उ0नि0 सोबरन सिंह, उ0नि0 पंकज शर्मा, उ0नि0 प्रदीप कुमार।

3- का0 शकील अहमद, का0 सत्य गौरव, का0 सन्नी यादव, का0 मनीष कुमार, का0 प्रदीप कुमार, का0 रामकुमार।

स्वाट टीम-

1- श्री मोहम्मद असलम, प्रभारी निरीक्षक स्वाट टीम

2- है0का0 कपिल नैन, है0का0 प्रदीप कुमार, है0का0 निकुंज यादव, है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 मनीष त्यागी, है0का0 मौ0 आरिफ, है0का0 अनुज राठी, है0का0 अंकुर धामा,का0 रोहित कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 सचिन चौहान, का0 श्याम सुंदर,का0 अमित कुमार।

मीडिया सेल बुलंदशहर